Setting up of Ancillary Small Scale Units

!908. SHRI ASHOK NATH VERMA: Will the Minister of INDUSTRY be pleased to state:

(a) whether the standing Committee of the small scale industries and Board of Ancillary Development have studied and enlisted the urgent scope of ancilleriza-tion of various categories of items;

(b) if so, what are the names and details of such items for which ancillary small scale units could be attached and set up with the public sector undertakings, industrial unitwise; and

(c) what facilities and incentives public sector would extend for setting up of ancillary small scale units?

THE MINISTER OF INDUSTRY (SHRI J. VENGAL RAO): (a) The Standing Committee of Small Scale Industries Board on Ancillary Development, Marketing Assistance & Ouality Improvement have studied the scope of ancillarisation in the field of aircondition-ing and refrigeration industries.

(b) The names of items for which ancillary small scale units could be set up in the field of airconditioning and refrigeration are: rubber rings, gaskets, springs, pump gears, wrist pins, small end-bushes, bronze glands, studs, connection rod bolts, various bar stock items, piston rings, valve plates, spring plates, valve springs, flexible steel rings, pressure gauges, solenoid valves, flapper valves, shaft seal assys, reverse cycle valves. terminal assys. fusable plugs, piston valves, level master control valves, pillow block bearings, float valves, expansion valves, carbon rings, oil pumps, main bearings and shut-off valves, etc.

(c) As per the Bureau of Public Enterprises guidelines, public sector undertakings are required to extend facilities to Hiieilhm units which *inter-alia* includes (i-) long-term relationship and mutual obligation of parent and ancillaries; (ii) technical, R&D and managerial support; (Ui) supply of imported/scarce raw materials; (iv) prompt payment; (v) a guarantee to minimum off-take of the annual production of ancillary units; (vi) price preference; (vil) waiver of earnest money/security deposits; and (viii) tender sets to be supplied free of charge etc.

प्रौद्योगिकी के आयात के लिए एक समिति की नियुक्ति

1909. **श्री राम जेठमलानी:**
सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा:

क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि तकनीकी विकास महानिदेशालय ने देश में प्रौद्योगिकी के आयात के लिए क्षेत्रों का पता लगाने के लिए एक विशेष समिति नियुक्त की है;

(ख) यदि हां, तो वे कौन-कौन से क्षेत्र हैं, जिनके लिए प्रौद्योगिकी का आयात किया जाएगा; और

(ग) इस प्रयोजनार्थ 1989 के वर्ष के दौरान कितनी भारतीय अथवा विदेशी मुद्रा खर्च किए जाने का प्रस्ताव है?

उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम॰ अरुणाचलम): (क) तकनीकी विकास महानिदेशालय द्वारा अभी तक ऐसी कोई विशेषज्ञ समिति नियुक्त नहीं की गई है।

(ख) प्रश्न नहीं उठता, परंतु विदेशी सहयोग के संबंध में सरकार की नीति चयनात्मक है और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं पर आधारित है। जटिल तथा उच्च प्राथमिकता के क्षेत्रों में, निर्यातोन्मुख अथवा आयात प्रतिस्थापन विनिर्माण में अथवा घरेलू अपेक्षाओं को दक्षता से पूरा करने के लिए भारत में विद्यमान तकनोलौजी को अद्यतन बनाने हेतु स्वदेशी उद्योग को समर्थ बनाने के लिए और/अथवा निर्यात बाजार में प्रतियोगी बनाने के लिए विदेशी सहयोगी की अनुमति दी जाती है।

(ग) चूंकि स्वीकृतियां किये गये प्रस्तावों के उत्तर में दी जाती हैं, इसलिए वर्ष 1989 के लिए कोई योजना बनाना संभव नहीं है।